दिनांकः 18.01.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–स्वामित्व योजना में मालिकाना हक मिलने से ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से मज़बूत होंगी–प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी स्वामित्व कार्ड वितरित।
- प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के प्रबंधन की सराहना की।
- राज्य सरकार ने स्कूलों में उपप्रधानाचार्य के पद को समाप्त कर पांच हजार से ज्यादा उपप्रधानाचार्यों को प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नत किया।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वामित्व योजना से गांवों के विकास की कार्य योजना और उस पर अमल काफी बेहतर हो रहा है। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक मिलने से ग्राम पंचायतों की मुश्किलें भी दूर होंगी और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएंगी। श्री मोदी ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से 65 लाख से ज्यादा सम्पत्ति कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया के सामने क्लाइमेट चेंज, पानी की कमी, स्वास्थ्य संकट के साथ स्वामित्व अधिकार भी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी साफ कहा है कि गरीबी कम करने के लिए स्वामित्व अधिकार होना बहुत जरूरी है।

-------------------

कार्यक्रम के दौरान श्रीगंगानगर की पदमपुरा तहसील की रचना बिश्नोई से प्रधानमंत्री ने वर्चुअल संवाद किया।

--------------

स्वामित्व योजना का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस योजना के तहत 35 हजार 955 गांवों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। आज डेढ़ लाख से अधिक स्वामित्व कार्ड का वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का ये लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्रामवासी को उनकी संपत्ति का वैधानिक अधिकार मिले।

-----------------

विभिन्न जिलों में भी स्वामित्व कार्ड वितरण समारोह हुआ। इसमें जिला प्रभारी मंत्रियों और जिला कलेक्टर्स ने लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड और पट्टे सौंपे। गांवों में रहने वालों को कानूनी प्रमाण देने के उद्देश्य से पांच वर्ष पहले स्वामित्व योजना की शुरूआत की गई थी। इसके तहत अब तक डेढ़ करोड़ लोगों को

स्वामित्व कार्ड दिये गये हैं। इस योजना से बैंक ऋण मिलना आसान हो जाता है। इसके साथ ही संपत्ति से जुड़े विवादों में भी कमी आती है। योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति के बेहतर मूल्यांकन और संपत्ति कर संग्रहण में भी सहायक है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर, मोबाईल एप पर भी प्रसारित किया जाएगा। साथ ही यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

000

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। ये सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। सत्र की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने से होगी और इसी दिन लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वर्ष 2025–26 का आम बजट पेश करेंगी। बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला सत्र 13 फरवरी तक चलेगा। 14 फरवरी से 9 मार्च तक अंतराल रहेगा। दूसरा चरण चरण 10 मार्च से शुरू होगा, जो 4 अप्रैल तक चलेगा।

सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। इसके अलावा वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इस सत्र में **एक राष्ट्र–एक चुनाव** के क्रियान्वयन पर जेपीसी की रिपोर्ट पर भी चर्चा होगी।

.........................

**महाकुंभ से जुड़े समाचार –**

.........................

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के प्रबंधन की सराहना की है। श्री शेखावत ने आज जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस बार महाकुंभ में पहले के आयोजनों के मुकाबले काफी बेहतरीन इंतजाम किये गये हैं।

.........................

प्रयागराज के महाकुंभ नगर में श्रद्धालु और तीर्थयात्री अब आकाशवाणी के कुंभवाणी समाचार बुलेटिन को सार्वजनिक संबोधन प्रणाली से लाइव सुन सकते हैं। इस पहल से तीर्थयात्रियों को मेले की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी मिलेगी। दस–दस मिनट का कुंभवाणी समाचार बुलेटिन सुबह साढे आठ बजे, दोपहर ढाई बजे और शाम साढे आठ बजे प्रसारित किया जा रहा है।

.........................

राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा स्कूलों में उप प्रधानाचार्य के पद के सृजन के फैसले पर दोबारा विचार करते हुए इसे **'डाइंग कैडर'** घोषित कर दिया है। इसके बाद प्रदेश के 5 हजार से ज्यादा उप प्रधानाचार्यों को प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नत किया गया है। इस निर्णय से यह संभावना जताई जा रही है कि सरकारी स्कूलों में उप प्रधानाचार्य का पद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस फैसले को शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से नवपदोन्नत प्रधानाचार्यों को बधाई दी है।

000

जयपुर–दिल्ली हाईवे पर टोल टैक्स बढ़ गया है। बढ़ी हुई दरें आज से प्रभावी हो गई हैं। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक ये दरें दौलतपुरा, मनोहरपुर और शाहजहांपुर टोल बूथों पर बढ़ाई गई है। कार ड्राइवर को अब दौलतपुरा टोल बूथ पर 70 रुपये के बजाय 75 रुपए देने होंगे। इसी तरह मनोहरपुर टोल बूथ पर 80 रुपये के बजाय 90 रुपये और शाहजहांपुर टोल बूथ पर 170 रुपये के बजाय 190 रुपये देने होंगे।

000

उदयपुर में वन विभाग की ओर से बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। गोल्डन पार्क में कल से शुरू हुए तीन दिवसीय इस फेस्टिवल में देशभर के पक्षी और पर्यावरण विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि फेस्टिवल में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आायेजित की जा रही हैं।

-----------------

चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल में आज विज्ञान पार्क की शुरूआत हुई। मेजर जनरल रायसिंह गोदारा ने विज्ञान पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री गोदारा ने कहा कि इस पार्क से विद्यार्थियों को विज्ञान के सिद्धांतों को समझने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही उनकी जिज्ञासु और आलोचनात्मक सोच को भी बढ़ावा मिलेगा। पार्क में विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल्स और प्रदर्शनी भी लगाई गई है। उधर, कोटा के रामगंज मंडी में आज से अंतरिक्ष विज्ञान शिविर शुरू हुआ। भारतीय अंतरिक्ष अनुंसधान संगठन–इसरो के वैज्ञानिक तीन दिन चलने वाले इस कैम्प के जरिए विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के रहस्यों से रुबरु करवा रहे हैं। इस मौके पर अंतरिक्ष विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

000